## संक्षिप्त

### गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, ( निसं)।** इटावा पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ 145 ग्राम गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है, पकड़े गये आरोपी से अवैध मादक पदार्थ की बेचान राशि 6200 रूपये भी बरामद की गई। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम के लिये ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि इटावा थानाधिकारी संदीप विश्नोई ने मय जाप्ता इलाके के किशनपुरा-अल्लापुर नहर के समीप आकस्मिक चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए मोतीकुआं इटावा निवासी गिरीराज पारेता (43) को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 145 ग्राम गांजा बरामद किया साथ ही पकड़े गये आरोपी के पास से अवैध मादक की बिक्री रकम 6200 रूपये भी बरामद किये। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

### विजन विलेज प्लान का अनुमोदन

**बारां ।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत सुंदलक की ग्राम सभा आयोजित की गई। जिसमें आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत समीपवर्ती ग्राम राजपुरा का ग्राम कार्य पुस्तिका एवं विजन विलेज प्लान का अनुमोदन किया गया। ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि ग्राम सभा में जनजातिय सशक्तिकरण से विकसित भारत के तहत आदि कर्मयोगी अभियान में सुंदलक ग्राम पंचायत के राजपुरा गांव का चयन किया गया था। जिस पर विजन विलेज प्लान 2030 के प्रस्तावित कार्यों का ग्राम सभा में सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। जिसमें जनजाति के लोगों के परिवार और गांव का विकास हो सके। साथ ही योजनाओं व विकास कार्यों का लाभ हर पात्र लाभार्थी तक पहुंच सके। ग्राम सभा में सभी सदस्य एवं ग्राम वासी मौजूद थे।

### नागर जिला संयोजक नियुक्त

**बारां ।** दो अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक जिलेभर मे चलने वाले सहकार सदस्यता अभियान का सुचारु क्रियान्वयन को लेकर भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार ने पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा नेता राजेंद्र नागर को जिला संयोजक नियुक्त किया। भाजपा जिला प्रवक्ता सचिन सनाढ्य व सह प्रवक्ता योगेश राजोरा ने बताया की आगामी 13 दिवसीय पखवाड़े के दौरान जिलेभर की सरकारी समितियां क्रेडिट सोसाइटियों आदि में सहकार सदस्यता अभियान चला कर नए सदस्यों को समितियों से जोड़ा जाएगा इस अभियान के निमित्त भाजपा नेता राजेंद्र नागर संयोजक के नाते जिलेभर के कार्यक्रमों को देखेंगे।

### गांधी व शास्त्री को याद किया

**छबड़ा।** ब्लॉक एवं नगर कांठोस कमेटी के तत्वावधान में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ब्लॉक अध्यक्ष मनोज भार्गव और नगर अध्यक्ष हरीश माहेश्वरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिभा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। यहां वरिष्ठ अधिवक्ता चिरोंजीलाल भार्गव ने वर्तमान परिपेक्ष में अहिंसा के रास्ते चलकर संगठन को मजबूत बनाने का आव्हान किया।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री ने स्वदेशी को दिया अधिक महत्व-राकेश जैन

- **भाजपा ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर की संगोष्ठी**
- **भाजपा ने मण्डल स्तर पर किये सेवाकार्य**
- **चरखे और खादी को आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक बनाया। उनका कहना था कि हर भारतीय को अपने देश के सामान का उपयोग करना चाहिए ताकि हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके।**

**कोटा, (निसं)।** महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन की अध्यक्षता में जी.एम.ए.प्लाजा सभागार में पुष्पांजलि सहित संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया की सेवा पखवाड़ा की कड़ी में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर भारतीय जनता पार्टी कोटा शहर द्वारा जिला एवं मण्डल स्तर पर स्वच्छता अभियान के तहत महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री प्रतिमा के स्थान पर साफ सफाई, सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। आत्मनिर्भर भारत के तहत, वोकल फोर लोकल के तहत खादी उत्पाद खरीदे गये। लगातार व्यापारियों, दुकानदारों को स्वदेशी उत्पाद खरीदने व बेचने तथा आमजन को स्वदेशी उत्पाद खरीदने का आग्रह किया जा रहा है। जैन ने कहा कि महात्मा गांधी का विश्वास था कि भारत तभी मज़बूत होगा जब हम स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करेंगे। उन्होंने चरखे और खादी को आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक बनाया। उनका कहना था कि हर भारतीय को अपने देश के सामान का उपयोग करना चाहिए ताकि हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। आज वोकल फॉर लोकल की जो बात की जाती है, उसकी जड़े गांधी जी की स्वदेशी नीति में ही है। जैन ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान उन्होंने राष्ट्र को एक नया मंत्र दिया जय जवान, जय किसान। उनका कहना था कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाला जवान और खेतों में अन्न उगाने वाला किसान, दोनों ही राष्ट्र की रीढ़ हैं। बाद के वर्षों में इस नारे को जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान के रूप में आगे बढ़ाया गया, जो दर्शाता है कि विज्ञान और शोध भी देश की प्रगति के लिए उतने ही आवश्यक है। शास्त्री ने हरित क्रांति की नीव रखी। उन्होंने किसानों को प्रोत्साहित किया और देश को खाद्यात्र आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाए। जैन ने कहा कि पीएम मोदी ने देशवासियों से वोकल फॉर लोकल का आव्हान किया है ताकि हर भारतीय अपने स्थानीय उत्पादों को अपनाए और प्रचारित करे। स्वदेशी खरीदे व स्वदेशी ही बेचे। दूसरे राष्ट्रों पर हमें कम से कम निर्भर रहना चाहिये। स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, पीएलआई योजना जैसे कदमों से भारत वैश्विक स्तर पर उत्पादन और तकनीकी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। भारत केवल आयातक नहीं, बल्कि निर्यातक और विश्व का नेतृत्व करने वाला राष्ट्र बनेगा-आज करोड़ों भारतीयों का संकल्प बन चुका है।

## पंच कुण्डीय यज्ञ संपन्न

**रामगंजमण्डी, (निसं)।** नवरात्र व्रत अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर गुरुवार को गायत्री शक्तिपीठ में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ में भक्तों ने आहुतियां समर्पित कर आत्म कल्याण और विश्व कल्याण की कामना की।

गायत्री परिवार के आशीष पोरवाल ने बताया कि नवरात्रि पर गायत्री मंदिर पर इस बार भी 20 से अधिक साधकों ने 9 दिन तक गायत्री मंत्र का अखंड जाप ओर 24000 मंत्र का लघु अनुष्ठान किया।

नवरात्रि साधना पर्व पूर्णाहुति ओर पंच कुण्डीय महायज्ञ और विभिन्न संस्कार सम्पन्न करवाने के साथ पंकज काला ने साधकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नवरात्रि साधना पर्व, रामनवमी पर्व कि साधना साधक का परम सौभाग्य होती है। शक्ति संवर्धन हेतु शक्ति की उपासना की जाती ओर यज्ञ किए जाते है भगवान श्रीराम के कार्य में हम सब उस साधना की ऊर्जा को नियोजित कर अपने साधना को सफल और सार्थक सिद्ध करें।

## सार-समाचार

### वध के बाद जय श्रीराम से गूंजा पांडाल

**अंता ।** रंगमंच गढ़ परिसर में रामलीला के नवें दिन कलाकारों ने मेघनाथ और अहिरावण के वध का अद्भुत मंचन किया।इस कार्यक्रम में भामाशाह तरुण शर्मा, सतीश गौतम,विनीत गुप्ता,रोहित मीणा,रिंकेश मीणा ने गणेश पूजन किया व कार्यक्रम के अतिथि प्रवीण गालव, प्रमोद ओदीच्य,वीरेंद्र चौधरी,प्रदीप शर्मा,अक्षय सिंह,अंकित सेन का मंडल कमेटी ने स्वागत सम्मान किया।मंडल अध्यक्ष हरीश भंडारी व कोषाध्यक्ष धनराज चौरसिया ने बताया कि रामलीला मंचन में बुधवार को मेघनाथ वध,सुलोचना प्रसंग और अहिरावण वध का मंचन किया गया।मंचन में जब रावण को पता चला कि संजीवनी बूटी से लक्ष्मण जीवित हो गए तो वह सीधा कुंभकरण के पास गया और उसे आपबीती सुनकर रावण ने कुंभकरण की बुद्धि भ्रष्ट कर दी।बाद में कुंभकरण भी लड़ता हुआ वीरगति को प्राप्त हुआ। इसके बाद रावण ने मेघनाद को भेजा,लक्ष्मण-मेघनाद का युद्ध हुआ।अंत में मेघनाद वीर गति को प्राप्त हुआ।वही अहिरावण का वध हनुमान जी ने किया।अहिरावण वध होते ही रामलीला मंच श्रीराम के जयकारों से गूंज गया।इस कार्यक्रम में रामलीला में श्री रामलीला कला मंडल के निर्देशक त्रिलोकचंद शर्मा, बाबूलाल मालव,भंवरलाल दाधीच मंत्री हरिशंकर गुर्जर, गोविंद सोनी,जितेंद्र सुमन,कन्हैयालाल सेन,प्रकाश राणा, रोहित नंदवाना,देवेश व्यास,गणेश दाधीच, भवानी सिंह, तरुण शर्मा,महेश गौतम,बिरधीलाल,देवेश मालव,आनंद शर्मा, रासबिहारी नागर,त्रिलोक वैष्णव,मयंक माहेश्वरी,हरीश वैष्णव,अशोक चौहान,रामचरण,मनोज कुशवाहा,भरत शर्मा, किशन गर्ग,सुरेंद्र शर्मा,हेमंत गुप्ता, सहित कई कलाकारों की भूमिका अहम रही।

### धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**छबड़ा।** गगनभेदी जयकारों के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया तथा पार्वती नदी में ग्रामीण अंचल सहित क्षेत्र की लगभग 5 दर्जन से अधिक प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। क्षेत्र सहित गांव-गांव, ढाणी-ढाणी में पांडालों मे सजाई गई मां दुर्गा की प्रतिमाओं का गगनभेदी जयकारों के साथ क्षेत्र से 8 किलोमीटर गांव गुगोर के समीप प्रवाहित हो रही पार्वती नदी में विसर्जन किया गया। सर्वप्रथम क्षेत्र व ग्रामीण अंचल की दुर्गा प्रतिमाएं बाहरी दरवाजा पर एकत्रित हुई। वहां से पंक्तिबद्ध तरीके ट्रैक्टर-ट्रॉली में सिंहासन पर विराजमान दुर्गा प्रतिमाएं चल रही थी तो वहीं इन्ही प्रतिमाओं के आगे-आगे डीजे की धुन पर युवा, पुरूष, महिलाएं, बच्चे आसमान में गुलाल उड़ाते हुए माता के भजनों पर जमकर नाचते-गाते चल रहे थे। यह जुलुस पुराना बाजार, अलीगंज बाजार, लोठ भैरू, आजाद सर्किल, धरनावदा चौराहा होते गांव महेशपुरा, आंचोली हुए गांव गुगोर के समीप प्रवाहित हो रही पार्वती नदी के तट पर पहुंचा। वहां पर विभिन्न गांवो में सजाई गई दुर्गा प्रतिमाएं एकत्रित हुई। जहां पर हजारों की संख्या मे भक्त मौजूद थे। पार्वती नदी के तट पर दुर्गा प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई। तत्पश्चात् प्रतिमाओं को भक्तों ने हाथों मे उठाकर बीच पार्वती नदी में ले जाकर जयकारों के साथ विसर्जित किया गया। वहीं बिजासन मंदिर परिसर में मां बिजासन भंडारा समिति द्वारा नवां विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। यहां बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तो ने प्रसादी ग्रहण की। सभी ने कार्यकर्ताओ की व्यवस्थाओ को सराहा। नदी के तट व मुख्य सड़क मार्गों पर पुलिस की माकूल व्यवस्था रही।

### विशेष सभाएं आयोजित

**छबड़ा।** भारत सरकार के धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष के तहत आदि कर्मयोगी अभियान के तहत अनुसूचित जनजाति परिवारों के सर्वांगीण विकास एवं सरकार के 17 विभागों की 25 से अधिक योजनाओं का लाभ से वंचित परिवारों तक पहुंचाने के उदेश्य से धरती आबा जनजाति उत्तरदायित्व शासन कार्यक्रम में चयनित उमरथना, बावडीखेडा, नीमथुर, गोडियाचारण, परोलिया, तुर्कापाडा, गोपालपाडा, पचपाडा, बटावदाउंचा, नवाबगंज, रामपुरिया, गोविन्दपुरा, भंवर, घट्टा, गोडियामेहर, बामला, तेलनी, पीपलखेडी कुलीपट्टा गांवो का जनजाति विकास का आगामी 2030 का ग्राम विजन प्लान तैयार कर ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में अनुमोदन किया गया। यह जानकारी पंचायत समिति विकास अधिकारी ने दी है।

### सफाई मित्रों का सम्मान

**अंता** नगर पालिका अन्ता में अधिशाषी अधिकारी दीपक कुमार नागर के आदेशानुसार उपजिला कलेक्टर हवाई सिंह यादव, अध्यक्ष रामेश्वर खण्डेलवाल, ब्लॉक विकास अधिकारी राधेश्याम भील और सहायक अभियंता महेन्द्र सिंह जाटव द्वारा महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया। इसके साथ ही उपरोक्त अधिकारी गण द्वारा सफाई मित्रों एवं रेगपिकर्स, सेप्टिक क्लिनिंग वर्क्स की सुरक्षा हेतु रेडियम जैकेट, पीपीई किट और सर्टिफिकेट द्वारा सम्मान किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन इन्जिनीयर लविना शर्मा ने गुरुवार दोपहर 3 बजे बताया कि सफाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रो को प्रत्येक माह सम्मान करने से उनके सफाई के कार्य को करने में लगातार उत्साह बना रहेगा। इसी के साथ उपरोक्त अधिकारी गण, वार्ड पार्षदगण, पालिका स्टाफ, सफाई मित्र, आंगनवाड़ी महिलाऐं और ब्रांड एंबेसडर ओमप्रकाश मेरोठा व सुरभी खण्डेलवाल द्वारा एक साथ परिसर में स्वच्छता शपथ ली गई।

### सफाई कर्मियों का सम्मान

**कोटा, (निसं)।** गांधी जयंती पर गुरुवार को चंबल गार्डन स्थित गांधी उद्यान में जिला कलक्टर पीयूष समारिया सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर 2 मिनट का मौन रखकर सभी ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। रघुपति राघव राजा राम, वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीर पराई जाने रे...जैसे महात्मा गांधी के प्रिय भजन गाए गए। जिला कलक्टर एवं अन्य अधिकारियों ने सफाईकर्मियों को माला पहनाई एवं शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। स्वच्छता ही सेवा के तहत सभी ने स्वच्छता की शपथ ली एवं चंबल गार्डन के बाहर मुख्य मार्ग पर श्रमदान के तहत सफाई की। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, नगर निगम कोटा दक्षिण आयुक्त ओपी मेहरा, जवाहर उपायुक्त नगर निगम कोटा सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन

**कोटा, (निसं)।** गांधी जयन्ती के अवसर पर गुरुवार को पंचायत समिति लाडपुरा के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमल कुमार मीणा, उपखण्ड अधिकारी लाडपुरा गजेन्द्र सिंह, अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी मजहर इमाम एवं पंचायत समिति लाडपुरा के विकास अधिकारी शैलेश रंजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

जिला प्रमुख द्वारा घर-घर कचरा एकत्रीकरण वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर ग्राम पंचायतों के लिए रवाना किया गया। जिला परियोजना समन्वयक संतोष व्यास द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान में आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों को साझा किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलवाई गई। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली पंचायत समिति खैराबाद की ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुरा एवं सांगोद की ग्राम पंचायत सावनभादौ को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# वन्य जीव सप्ताह के तहत विद्यार्थियों को कराया वन भ्रमण

- **आर्ट गैलेरी में हुआ मेडिशनल प्लांट, स्कैच एक्जीबिशन का उद्घाटन**
- **वन्य जीव सप्ताह के ट्रैकिंग के दौरान सहायक वन संरक्षक प्रेम सिंह द्वारा उपस्थित प्रकृति प्रेमियों को वन एवं वन्य जीव संरक्षण के संबंध में एवं ट्रैक पर आने वाले स्थानीय पेड़-पौधों ओर इनवेसिव प्लांट लेंटाना, जूलीफ्लोरा, गाजर घास आदि के बारे में जानकारियां दी गई। ट्रैकिंग के दौरान यूरेशियन हुबी नामक पक्षी दिखाई दिया, यूरेशियन हुबी माइग्रेटरी पक्षी है जो यूरोप से सर्दियों के समय राजस्थान के पठारी भागों में रहवास करता है।**

**कोटा, ( निसं)।** वन्य जीव सप्ताह के तहत गुरुवार को मुकंदरा टाइगर रिजर्व की जवाहर सागर रेंज अधीन गराड़िया महादेव वन क्षेत्र में ट्रैकिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान वन्य जीव प्रेमियों एवं विद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उप वन संरक्षक वन्य जीव अनुराग भटनागर ने बताया कि वन्य जीव सप्ताह के ट्रैकिंग के दौरान सहायक वन संरक्षक प्रेम सिंह द्वारा उपस्थित प्रकृति प्रेमियों को वन एवं वन्य जीव संरक्षण के संबंध में एवं ट्रैक पर आने वाले स्थानीय पेड़-पौधों ओर इनवेसिव प्लांट लेंटाना, जूलीफ्लोरा, गाजर घास आदि के बारे में जानकारियां दी गई। ट्रैकिंग के दौरान यूरेशियन हुबी नामक पक्षी दिखाई दिया, यूरेशियन हुबी माइग्रेटरी पक्षी है जो यूरोप से सर्दियों के समय राजस्थान के पठारी भागों में रहवास करता है। यह एक शिकारी पक्षी होता है जो उड़ते हुए कीट पतंगों का शिकार करता है। ट्रैकिंग के दौरान विद्यार्थियों को वन्यजीवों के बारे में बताया। साथ ही, चिंकारा, नीलगाय, स्लॉथ बेयर, के स्केट द्वारा वन्य जीवों के बारे में बताया। मुकंदरा टाइगर रिजर्व के सहायक वन संरक्षक मयंक महारिया द्वारा वन्य जीव प्रेमियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। वन भ्रमण के बाद आर्ट गैलेरी नयापुरा में मेडिशनल प्लांट, स्कैच एक्जीबिशन का उद्घाटन मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. संगीता सक्सेना ने किया। उद्घाटन के दौरान वैद्य सुधींद्र श्रृंगी द्वारा मेडिशनल प्लांट के लिए लगाई प्रदर्शनी को जनसाधारण के लिए उपयोगी बताया तथा वर्तमान समय में आयुर्वेद की उपयोगिता के बारे में जानकारियां साझा की। विभाग द्वारा आर्ट गैलेरी में फोटोग्राफी व स्टांप की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसका उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियति शर्मा ने किया। प्रदर्शनी में हाड़ौती एवं उसके आस पास पाए जाने वाले वन्य जीवों सहित पक्षियों आदि का प्रदर्शन किया गया तथा प्रतिवर्ष माइग्रेशन में हाड़ौती व आस-पास के हैबिटेट में आने वाले पक्षियों को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर वन्य जीव प्रेमी हर्षित, जुनैद, रिंकेश एएच जैदी, ग्रीन टीम के प्रणव, राघवाचार्य, मनीष, सुरभि श्रीवास्तव, सुधीर गुप्ता सहित विभाग से सहायक वन संरक्षक निशा, पंकज कुमार, क्षेत्रीय सुरेन्द्र सिंह, मनोज शर्मा, बुधराम, चेतना, प्रेमकंवर एवं विद्यालय-महाविद्यालय के विद्यार्थी सम्मिलित रहे।

## मादक पदार्थ सहित दो जने गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। मादक पदार्थ विरोधी अभियान को जारी रखते हुए मुखबीर की सूचना पर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन) प्रतापगढ सेल के अधिकारियों ने कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ 100 ग्राम एमडी (मेफेड्रोन) सहित दो जनो को गिरफ्तार किया। उक्त कार्यवाही केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि दो मोटरसाइकिलों पर दो जने लगभग 80 से 120 ग्राम मादक पदार्थ एमडी (मेफेड्रोन) प्रतापगढ़ ले जा रहे है। उक्त सूचना पर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन), प्रतापगढ़ - सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को रवाना किया गया। गठित टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखने के बाद, संदिग्ध वाहनों की पहचान की गई संदिग्ध वाहनों को देखकर, निवारक दल ने उन्हें रोक लिया। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि मौके पर टीम ने दोनों मोटरसाइकिलों की तलाशी ली तो एक मोटरसाइकिल की सीट के नीचे 100 ग्राम अवैध एम डी (मेफेड्रोन) बरामद हुई।

## लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती मनाई

**बारां ,** श्रीजी चौक स्थित जिला कांठोस कार्यालय बारां पर राष्ट्रिपता महात्मा गांधी ओर मां भारती लाल पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जन्म जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई गई। उक्त मौके पर मुख्य अतिथि जिला कांठोस संघटन महासचिव कैलाश जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां की आज हम राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती एवं भारत के दूसरे प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 121वीं जयंती हर्ष और श्रद्धा से मना रहे हैं। महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजादी की ऐतिहासिक राह दिखाई। उनके विचार, त्याग और तपस्या न केवल हमारे लिए आदर्श हैं, बल्कि आज भी समाज को शांति, सद्भावना और समानता की ओर अठासर करते हैं। सेवा और करुणा के उनके संदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक है। लाल बहादुर शास्त्री जी अपनी ईमानदारी, सादगी और निडर नेतृत्व के लिए याद किए जाते हैं। उनका दिया गया नारा "जय जवान, जय किसान" आज भी देश के सैनिकों और किसानों को प्रेरित करता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रशांत भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को बताया कि आज के वर्तमान समय में हमे और राष्ट्र के सभी युवाओं को उनके जीवन से अदम्य साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा लेनी चाहिए। बापू ओर शास्त्री के विशाल जीवनी का एक हिस्सा भी हम अपने जीवन में उतार पाए तो ये बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। सेवादल जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने कहां की इस विशेष अवसर पर देशभर में विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रभात फेरियों, गोष्ठियों एवं सेवा-कल्याण के कार्यों का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थी, शिक्षक, नागरिक और अधिकारीगण सभी महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करने का प्रण लें, यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित

- **कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत से हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी और शास्त्री के जीवन से जुड़े प्रसंगों पर भाषण एवं कविताएँ प्रस्तुत कीं। धर्मगुरुओं में फादर आनंद दोडियार एवं सिस्टर अरोड़ा ने सभी धर्मों के शांति और सद्भाव के संदेश पर प्रकाश डाला।**

**कोटा,** (निसं)। समाज कल्याण सप्ताह के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत स्काउट एवं गाइड तथा एल.बी.एस. विद्यालय ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत से हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी और शास्त्री के जीवन से जुड़े प्रसंगों पर भाषण एवं कविताएँ प्रस्तुत कीं। धर्मगुरुओं में फादर आनंद दोडियार एवं सिस्टर अरोड़ा, सरदार जरनेल सिंह ढिल्लन, मुक्ति समीम अशरफ, राकेश जैन, कबीर संस्थान से संत प्रभाकर साहेब तथा योगेंद्र भारद्वाज शक्ति मंदिर अरनंडखेड़ा ने सभी धर्मों के शांति और सद्भाव के संदेश पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जी.डी. पटेल (गायत्री परिवार), कब, बुलबुल, स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर, विद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा स्काउट पदाधिकारी दिलीप माथुर ए.एस.ओ. द्वारा भजन व प्रतिज्ञा का वाचन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया एवं ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी स्नेहलता शर्मा रहीं। मंच पर बृजसुंदर मीणा, प्रीति कुमारी (सीओ स्काउट गाइड), गोपाल मिश्रा (जिला प्रशिक्षण आयोजना समिति), यज्ञदत्त हाड़ा (उपप्रधान) सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कृष्णिया ने महात्मा गांधी व शास्त्री के कार्यों को स्मरण करते हुए समाज कल्याण सप्ताह की जानकारी दी तथा उपस्थित जनसमूह को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता की शपथ दिलाई। विद्यालय के चेयरमेन कुलदीप माथुर ने अपने उद्बोधन में दोनों महापुरुषों के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में एल.बी.एस. ग्रुप के सुरेन्द्र नागर, दिव्या गोचर, नीतू कुमावत, नेहा सहित संपूर्ण स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई।


### कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां

क्रमांक:-न.पा.छ./2025/4695 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-26.9.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 03 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम | खसरा सं. | स्थान/कालोनी का नाम | भूखंड सं. | क्षेत्रफल वर्गफीट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती जरीना बी पत्नी श्री रमजान खां जाति मुसलमान निवासी छबड़ा तह. छबड़ा बारां | 723 | आकाश नगर कालोनी | 45 | 20x40=800 |

नोट:- उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर होने व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा


## छात्रावास में स्वच्छता ही सेवाश् का संकल्प

**बारां।** राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर, मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के द्वारा राजकीय सहरिया कन्या आश्रम छात्रावास, बारां में एक गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रिपता महात्मा गांधी को श्रद्धापूर्वक याद किया गया और श्स्वच्छता ही सेवाश् के संकल्प को दोहराया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती हेमलता मीणा रहीं। उन्होंने सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। और साथ ही श्रीमती हेमलता मीणा ने छात्रावास की युवतियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के जीवन और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गांधीजी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 को पोरबंदर, गुजरात में हुआ था। उन्हें प्यार से श्राष्ट्रिपताश् या श्बापूश् कहा जाता है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर जिया और भारत की स्वतंत्रता के लिए सत्याठाह तथा अहिंसक आंदोलनों का नेतृत्व किया। गांधीजी के विचारों ने न केवल भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि दुनिया भर में अहिंसा के महत्व को भी स्थापित किया। इस अवसर पर गांधी जयंती के उपलक्ष्य में, सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) के समापन दिवस पर श्स्वच्छता ही सेवाश् अभियान के तहत एक विशेष स्वच्छता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। हेमलता मीणा ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता गांधीजी के आदर्शों का अभिन्न अंग है। इस प्रेरणा से ओत-प्रोत होकर, राजकीय सहरिया कन्या आश्रम छात्रावास की सभी युवतियों ने उत्साहपूर्वक परिसर की साफ-सफाई की और समाज को स्वच्छता का सशक्त संदेश दिया। परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाकर, छात्राओं ने यह सिद्ध किया कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है। कार्यक्रम के समापन पर, छात्रावास की सभी युवतियों को सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

## प्रतियोगिता का आयोजन

भीलवाडा। शहर के कोटा रोड सिथित अहिंसा सर्किल के पास संचालित मनोरोग एवेम नशामुक्ति हॉस्पिटल में भर्ती रोगियों के बीच आयोजित नई दिशा सेवा संस्थान पर 7 दिवसीय क्रिकेट व कबड्डी प्रतियोगिता का मंगलवार शाम के साथ सामापन हुआ। ये प्रतियोगिता संस्था में इलाज ले रहे लाभार्थियों के मध्य हुइ जिसमे क्रिकेट में 4 व कब्बडी में 5 टीम रही। मुख्य अथिति भीलवाडा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन विशिष्ठ अथिति पूर्व प्रिसिपल युसुफ अहमद , संस्था अध्यक्ष राधेश्याम सोनी संस्था के डॉक्टर नसीम जहाँ उपस्थित थे, जिसमे विजेता टीम को भीलवाडा के अतरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन द्वारा ट्रोफी वितरण की गई। साथ ही संस्था के मध्यम से 12 वर्ष व 7 वर्ष पूर्व नशा छोड़ चुके श्याम जोतवानी , आशीष तिवारी का किया सम्मान इस अवसर पर पारस जैन ने बताया की संस्था में इलाज ले रहे लाभार्थियों से बातचीत से उन सबका व्यव्हार बहुत सकारात्मक लगा , जो की संस्था द्वारा उनके प्रयासों को बताता है ,साथ उन्होंने कहा की किसी भी गलत व नशा छोड़ने का द्रिड संकल्प हमारे जीवन को सफलता की और अग्रसर करता है ।

# आज गांधी जी के आदर्शों को पूरा विश्व मान रहा है : रविन्द्र त्यागी

- **शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शो को पूरा विश्व मान रहा है।**

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156 वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को रामपुरा स्थित गांधी चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से शहर अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर वही पर गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी के बाद स्टेशन रोड स्थित भीमगंजमण्डी गार्डन में पर पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर भी उनकी मूर्ति पर कांग्रेस जनो ने माल्यार्पण किया। जिसकी अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने की।

इस मौके पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शो को पूरा विश्व मान रहा है। देश की आजादी के आंदोलन में अनेक स्वतंत्रता सेनानियों की जाने गयी थी देश की आजादी के आंदोलन के समय हजारो स्वतंत्रता सेनानियों को अंग्रेजों ने जेलों में डाल दिया था।

महात्मा गांधी के बदौलत देश को आजादी मिली। उन्होंने कहा महात्मा गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की बलि दी आज सत्ता में बैठे मोदी सरकार देश के शहीदों का अपमान कर रही है उनका देश की आजादी में कोई भूमिका भी नहीं रही ऐसे लोग देश मे झूठ बोलकर सत्ता में काबिज होकर लोकतंत्र की हत्या कर रहे है।

उन्होंने कहा कि आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का भी जन्म दिन है। शास्त्री ने भारत चीन की लड़ाई में जय जवान जय किसान का नारा देकर देश के किसानों और जवानों को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि शहीदों का अपमान करने वाले साम्प्रदायिक शक्तियों को देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। देश की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी साम्प्रदायिक शक्तियों के खिलाफ डटकर मुकाबला करेगी। त्यागी ने सभी कार्यकर्ताओं को महात्मा गांधी जी के पद चिन्हों पर चलने की सलाह भी दी। उपाध्यक्ष जगदीश थाडा ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलायी। महात्मा गांधी के सिद्धान्तो पर चलकर ही देश तरक्की कर सकता है। गोष्ठी का संचालन कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ विजय सोनी ने किया धन्यवाद ज्ञापित महामंत्री राधेश्याम वर्मा ने किया।

गोष्ठी में प्रमुख से पीसीसी सचिव शिवराज गुंजल, उपाध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी, प्रदीप मालवीय, महामंत्री इशरार मोहम्मद, पार्षद कपिल शर्मा, विजय गुप्ता, नीरज शर्मा, मनोज गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष जोंटी वीरवाल, शिक्षक नेता घनश्याम शुक्ला, ईश्वर सिंह, जुबराज राठौर, दिनेश सोनी मौजूद थे।


### राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1820 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 29.9.25

आवारा संख्या 4-एस-11 तलवण्डी, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री राम प्रसाद विजय पुत्र श्री मथुरा लाल विजय को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री राम प्रसाद विजय पुत्र श्री मथुरा लाल विजय द्वारा दिनांक 14.06.1999 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री राम प्रसाद विजय पुत्र श्री मथुरा लाल विजय की मृत्यु दिनांक 21.12.2005 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री मदनमोहन विजय पुत्र स्व. श्री राम प्रसाद विजय, श्रीमती किरण विजय पुत्री स्व. श्री राम प्रसाद विजय पत्नी श्री श्रवण कुमार विजय, श्रीमती कुसुमलता विजय पुत्री स्व. श्री राम प्रसाद विजय पत्नी श्री संजीव विजय एडवोकेट, श्री सत्यनारायण विजय पुत्र स्व. श्री राम प्रसाद विजय एवं श्रीमती अंकिता विजय पुत्री स्व. श्री राम प्रसाद विजय पत्नी श्री अमित विजय द्वारा उक्त आवास में निहीत अपने हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 30.12.2010 का श्रीमती नन्दकंवर विजय पत्नी स्व. श्री राम प्रसाद विजय के पक्ष में किया गया। श्रीमती नन्दकंवर विजय पत्नी स्व. श्री राम प्रसाद विजय द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4-एस-11 तलवाडी, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं एक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर श्रीमती नन्दकंवर विजय पत्नी स्व. श्री राम प्रसाद विजय के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती नन्दकंवर विजय पत्नी स्व. श्री राम प्रसाद विजय के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती नन्दकंवर विजय पत्नी स्व. श्री राम प्रसाद विजय के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

